**Seventeenth Loksabha**

an>

Title: Demand to set up Eklavya Reidential Model School in Pali Parliamentary Constituency, Rajasthan.

**श्री पी. पी. चौधरी (पाली):** महोदय, माननीय प्रधान मंत्री जी के कुशल नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए देश भर के दूरस्थ क्षेत्रों में अनुसूचित जनजाति के बच्चों को उच्च व गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से एकलव्य आवासीय मॉडल विद्यालयों की स्थापना आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में की जा रही है । वर्ष 2022 तक 50% तक अनुसूचित जनजाति की आबादी और 20 हजार अनुसूचित जनजातीय व्यक्तियों वाले प्रत्येक ब्लॉक में एक एकलव्य आवासीय मॉडल खोलने का प्रावधान किया गया है ।

महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र पाली में इस आवासीय विद्यालय की स्थापना हेतु लगातार मैंने माननीय मंत्री जी से पर्सनली मिलकर और चिट्ठी के द्वारा भी उनको अवगत कराया था कि ऐसा आदिवासी क्षेत्र है, जहां पर एकलव्य आवासीय मॉडल विद्यालय की बहुत जरूरत है । वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार पाली जिले में अनुसूचित जनजाति के लोगों की संख्या लगभग 1 लाख 50 हजार है, जो कुल जनसख्या का लगभग 8% है । पाली लोक सभा क्षेत्र के बाली ब्लाक में 72,218 अनुसूचित जनजाति के लोग हैं, जो यहां की जनसख्या का लगभग 35% है । बाली ब्लाक के पास सुमेरपुर व देसुरी ब्लॉकों में भी लगभग 45 हजार अनुसूचित जनजाति के लोग हैं ।

महोदय, पाली जिले के गोडवाड क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पहाड़ी और दुर्गम क्षेत्र बाली, सुमेरपुर व देसुरी ब्लॉक आदिवासी बाहुल्य है । यह क्षेत्र अरावली पर्वत श्रृंखला पर बसा है । यह क्षेत्र अपनी विषम भौगोलिक परिस्थितियों और आदिवासी क्षेत्र के कारण शिक्षा अवस्थापनाओं एवं शिक्षकों की कमी दोनों की मार झेल रहा है । इसके कारण यहाँ के बच्चे उच्च गुणवता पूर्ण शिक्षा से

पूर्णतया वंचित रह रहे है, क्योंकि आदिवासी इलाका लम्बे समय से वंचित है । प्रधान मंत्री मोदी जी का आदिवासी क्षेत्रों के लिए यह बहुत अच्छा मूव है ।

महोदय, मेरा आपके माध्यम से, सदन के माध्यम से माननीय जनजातीय मंत्री जी निवेदन है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के इस गोडवाड आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय खोलने की स्वीकृति प्रदान करने की कृपा करें, इसके लिए मै आपका आभारी रहूँगा ।